**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तरः-**

| | | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 2 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि राजधानी लखनऊ से प्रातः 7.00 बजे व अपराहन 3.00 बजे सण्डीला, भजेहटा-समुखा होते हुए बाया टाउन एरिया कुरसथ होकर माधौगंज तक (जनपद-हरदोई के अन्तर्गत) जाने एवं उसी प्रकार माधौगंज - कुरसथ - समुखा - भजेहटा - सण्डीला होते हुए लखनऊ हेतु प्रातः 7.00 बजे व अपराहन 3.00 बजे उ0प्र0 राज्य परिवहन निगम कैसरबाग-लखनऊ डिपो की बस का संचालन जनहित में किया जा रहा था, जो विगत काफी समय से बन्द चल रहा है? | जी हाँ। |
| | (ख) | यदि हाँ, तो उक्त बसों का संचालन कब से बन्द चल रहा है? | उक्त संचालित सेवा मार्च 2020 से बन्द चल रही है। |
| | (ग) | क्या जनहित में प्रश्नकर्ता के निर्वाचन क्षेत्र जनपद-हरदोई के अन्तर्गत उक्त बन्द की गयी परिवहन निगम कैसरबाग डिपो, लखनऊ की बस सेवा को ग्रामीण जनता के सुगम यातायात हेतु पुनः पूर्व की भाँति संचालित करायेंगे? | जी नहीं। मार्ग संकरा व अत्यधिक मोड़ एवं घुमाव होने के कारण संचालन सम्भव नहीं है। विस्तृत आख्या अनुपूरक में दी गयी है। |
| | (घ) | यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश।